तैयारी | यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट कल से, 200 से अधिक जापानी प्रतिनिधि उच्च स्तरीय बैठक में होंगे शामिल

# यूपी में जापानी निवेश बढ़ाने को जुटेंगे दिग्गज

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास और विदेशी निवेश को गति देने के उद्देश्य से यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 का आयोजन 18 से 23 अगस्त के बीच दिल्ली और यूपी में होगा। पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 19 अगस्त को नई दिल्ली के ताज पैलेस में हाई-लेवल सीएक्सओ राउंडटेबल और उद्घाटन सत्र से होगी।



**02** सौ से अधिक जापानी उद्योगपति सम्मेलन में हिस्सा लेंगे

## 21 को लखनऊ में होगा निवेश सम्मेलन

मुख्य निवेश सम्मेलन 21 अगस्त को लखनऊ के इंदिरा प्रतिष्ठान में होगा। इसमें गवर्नमेंट-टू-बिजनेस और बिजनेस-टू-बिजनेस मैच मेकिंग सत्र होंगे, जहां निवेशकों और सरकार के बीच संवाद के साथ साझेदारियों और परियोजनाओं पर चर्चा होगी।

## जापानी सिटी बनेगी साझेदारी का आधार

यीडा उत्तर प्रदेश में जापानी मैन्युफैक्चरिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। सेक्टर-10 में एस्कॉर्ट्स कुबोटा की 2,025 करोड़ रुपये करोड़ की परियोजना के तहत ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट और संबंधित उत्पादों का निर्माण किया जाएगा।

इसमें केंद्रीय रेल, सूचना व प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करेंगे। पांच दिवसीय निवेश सम्मेलन में जापान के 200 से अधिक प्रमुख उद्योगपति, व्यापारिक प्रतिनिधि और नीति-निर्माता भाग लेंगे। जापानी दल का नेतृत्व यमानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी करेंगे।